पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रेंज हिल्स इस्टेट, पुणे-20

PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA

RANGE HILLS ESTATE, PUNE - 20

संस्कृति

SANSKRITI

विद्यालय पत्रिका

सत्र – 2023 - 24

सोना सेठ
उपायुक्त
Sona Seth
Deputy Commissioner

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
संभागीय कार्यालय, आईआईटी. कैम्पस., पवई, मुम्बई 400076-
Regional Office: IIT Campus, Powai, Mumbai-400076.
दूरभाष/ Tel. (022) 2572 8060/2328/6763/1614/0717
Email: kvsmumbairegion@gmail.com WEBSITE: romumbai.kvs.gov.in

संदेश

यह अत्यंत हर्ष और गौरव की बात है कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रेंजहिल्स, खडकी, पुणे सत्र 2023 के लिए अपनी विद्यालय पत्रिका 'संस्कृति' का प्रकाशन करने जा रहा है |

केंद्रीय विद्यालय संगठन विद्यार्थियों की प्रतिभा, रूचि एवं मनोवृत्ति के अनुरूप उन्हें सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान कर उनके सर्वांगीण विकास का दायित्त्व पिछले 60 वर्षों से बखूबी निभाता आया है | संगठन के हीरक जयंती वर्ष में इस पत्रिका के माध्यम से विद्यार्थी, शिक्षक तथा कर्मचारीगण को उनके मौलिक विचार, नवाचार तथा मन के भाव साझा करने का एक सशक्त एवं प्रभावी मंच प्राप्त हुआ है | यह पत्रिका विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के रचनात्मक कौशल और सृजनशीलता को मूर्त रूप देने का भी अवसर प्रदान करती है |

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रेंजहिल्स, खडकी, पुणे की विद्यालय पत्रिका 'संस्कृति' के प्रकाशन के अवसर पर इस प्रक्रिया से जुड़े सभी विद्यार्थी, शैक्षिक एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों, संपादक मंडल एवं प्राचार्य को मैं हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ और आशा करती हूँ कि यह पत्रिका सुरुचिपूर्ण मनोरंजन के साथ ही वैचारिक अभिप्रेरणा भी प्रदान करेगी |

शुभकामनाओं सहित ,

सोना सेठ
(सोना सेठ)
उपायुक्त

संजय हजारी, भा.आ.नि.से.
महाप्रबंधक
SANJAY HAZARI, I.O.F.S.
GENERAL MANAGER

गोला बारूद निर्माणी खडकी
AMMUNITION FACTORY KHADKI
म्युनिशन्स इंडिया लिमिटेड की इकाई
Unit Of Munitions India Ltd.
भारत सरकार का उद्यम
Government Of India Enterprise
रक्षा मंत्रालय/Ministry Of Defence
पुणे/PUNE - 411003
फोन/Tel. : का. Off. 020-25810850, 25810782
Mob. : 9403780391
फैक्स/Fax : (020) 25813205 / 25821875
ई-मेल/e-mail : afk@ord.gov.in

मुझे यह जानकर बेहद खुशी हो रही है कि पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, रेंजहिल्स, द्वारा सत्र 2023 के लिए विद्यालय पत्रिका ' संस्कृति' प्रकाशित की जा रही है।

विद्यालय पत्रिका विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने का सशक्त मंच होने के साथ – साथ वर्ष भर की विद्यालय की गतिविधियों की झांकी प्रस्तुत करती है। जिसके माध्यम से विद्यालय की विशेषताओं एवं उपलब्धियों के बारे में हम सभी को जानने का अवसर प्राप्त होता है।

पत्रिका के प्रकाशन में विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मैं पत्रिका के लेखन एवं प्रकाशन कार्य से जुड़े सभी शिक्षकों एवं छात्रों को विशेषकर उन छात्रों को बधाई देता हूँ जिनकी रचनाएं इस पत्रिका में प्रकाशित होने जा रही हैं। पत्रिका में पहली बार नाम छपना छात्रों के लिए एक सुखद अनुभूति होती है। यह सुखद अनुभूति छात्रों में नई ऊर्जा भरने के साथ – साथ दूसरे छात्रों को भी प्रोत्साहित करेगी।

पत्रिका अपने उद्देश्य में सफल हो तथा सफलता के नए सोपानों को छूए, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ।

सादर,

(संजय हजारी)

प्रधानाचार्य के कलम से

आपका विद्यालय की पत्रिका 'संस्कृति' में स्वागत है। 'संस्कृति' का नाम संस्कृति, तरुणता, और विद्यालय की विविधता को संकेतित करता है। हमारा उद्देश्य इस पत्रिका के माध्यम से विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करना है ताकि वे अपनी कला, साहित्य, और अन्य क्षेत्रों मे अपनी प्रतिभा को प्रकट कर सकें। हमारा लक्ष्य है कि 'संस्कृति' विद्यालय की विविधता को प्रस्तुत करके सभी छात्रों के सामर्थ्य को बढ़ावा दे।

मुझे गर्व है कि हमारे विद्यालय की पत्रिका, 'संस्कृति', अब हमारे विद्यालय की संवाद का महत्त्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। यह पत्रिका हमारे छात्रों और शिक्षकों की सोच, कला, साहित्य, और संस्कृति को प्रकट करने का एक माध्यम है।

'संस्कृति' सिर्फ पत्रिका नहीं, बल्कि यह एक मंच है जहाँ छात्र अपने विचारों, कल्पनाओं और प्रतिभाओं को साझा कर सकते हैं। इस पत्रिका के माध्यम से, हम विद्यालय की संस्कृति और विरासत को प्रोत्साहित करते हैं, और छात्रों की स्वतंत्रता और रचनात्मकता को महत्त्व देते हैं।

मुझे विश्वास है कि 'संस्कृति' पत्रिका हमारे विद्यालय के समुदाय को एक साझा अनुभव का माध्यम प्रदान करेगी।

इस मैगजीन में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता, विचारों, और सोच को साझा किया है और यहाँ पर उनकी बातें सुनी और समर्थित की गई हैं। हमने छात्रों के द्वारा लिखी गई लेखों, कविताओं, और संवादों को प्रकाशित करके उनके योगदान को सम्मान दिया है।

हम सभी 'संस्कृति' मैगजीन की टीम आपको साधारणत: छात्रों के द्वारा बनाया गया होने का गर्व महसूस करते हैं।

" इस पथ का उद्देश्य नहीं है श्रांत भवन में टिक रहना।

किंतु पहुंचना उस सीमा तक जिसके आगे राह नहीं है।"

विद्यालय की ई-पत्रिका की प्राण प्रतिष्ठा में अपने अनमोल संदेश एवं शुभाशीष द्वारा विद्यार्थियों की नैसर्गिक प्रतिभा एवं शिक्षकों तथा अभिभावकों के सहयोग एवं संबल हेतु हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, आशान्वित है कि शैक्षिणक सांस्कृतिक एवं समसामयिक परिवेश को नवीन लक्ष्य तथा नवीन मार्ग पर अग्रसर करने में हमारे नैतिक मूल्य अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे।

मैं अपने संपादकीय समिति को विशेषरूप से शुभकामनाएं देता हूँ जिनके भगीरथ प्रयास से पत्रिका का प्रकाशन संभव हो सका ।

श्री शरद कुमार कैवर्त

प्रधानाचार्य

संरक्षक

उपायुक्त - श्रीमती सोना सेठ

सहायक आयुक्त - श्रीमती ए पी कच्छप

अध्यक्ष – श्री संजय हजारी

प्रधानाचार्य- श्री शरद कैवर्त

उप – प्राचार्या - श्रीमती शमसा खान

मुख्य-अध्यापक - श्री गोरख मुसले

संपादक

श्रीमती स्वर्णाली दास - स्नातकोत्तर शिक्षिका, अंग्रेजी

श्री विश्वासराव भदाणे - प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, अंग्रेजी

श्रीमती मनीषा - प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका , अंग्रेजी

श्री अमोल खाड़गे - स्नातकोत्तर शिक्षक , हिंदी

श्री शशांक कच्छावा - प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, संस्कृत

श्री जितेन्द्र कुमार नागर - प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, हिंदी

श्री सहज राम मीणा- प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक , हिंदी

छात्र संपादक

कुमार परिणय शर्मा - बारहवीं विज्ञान

कुमार आदित्य मातंगी - बारहवीं विज्ञान

कुमारी कौशानी गुहा – बारहवीं विज्ञान

कुमारी ख़ुशी यादव - बारहवीं विज्ञान

कुमारी श्रावणी राउल - बारहवीं वाणिज्य

कुमारी हरिनी मीनाक्षीनाथन - बारहवीं वाणिज्य

विद्यालय परिवार के सदस्य

क्र. सं	नाम	क्र. सं	नाम
01.	श्री शरद कुमार कैवर्त **(प्राचार्य)**	**संगीत (प्राथमिक)**	
02.	श्रीमती शमसा खान **(उप-प्राचार्या)**	01.	श्रीमती अभया देशपांडे
03.	श्री गोरख मुसले **(मुख्याध्यापक)**		
स्नातकोत्तर शिक्षक		**प्राथमिक शिक्षक**	
01.	श्री गोपाला रेड्डी **(भौतिक शास्त्र)**	01.	श्रीमती सविता पाटनकर
02.	श्री दीपक एस अघम **(रसायन शास्त्र)**	02.	श्रीमती अंजना मिश्रा
03.	श्रीमती सविता शर्मा **(संगणक)**	03.	श्रीमती रत्ना सिंह परिहार
04.	श्रीमती संघमित्रा गौतम **(वाणिज्य)**	04.	श्री जयप्रकाश तुलसे
05.	श्रीमती स्वर्णाली दास **(अँग्रेजी)**	05.	श्री नवनाथ केकान
06.	श्रीमती श्रद्धा पाण्डे **(जीव विज्ञान)**	06.	श्री कुलदीप तिखिले
07.	श्री अभय बीर सिंह **(गणित)**	07.	श्रीमती छाया ढवले
08.	श्री अमोल खाड़गे **(हिन्दी)**	08.	श्रीमती सोनिया रघुवंशी
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक		09.	श्री विशाल फ़ाजगे
01.	श्री विश्वासराव भदाने **(अँग्रेजी)**	10.	श्री गणेश आव्हाड़
02.	श्री विजय मोरे **(विज्ञान)**	11.	सुश्री मोना दलवी
03.	श्री शशांक कच्छावा **(संस्कृत)**	12.	सुश्री शैफाली गुप्ता
04.	श्रीमती पूजा आर्य **(गणित)**	13.	श्री विजय
05.	श्रीमती सुमेधा रस्तोगी **(सामाजिक विज्ञान)**	14.	सुश्री दीप्ति
06.	श्री जितेन्द्र कुमार नागर **(हिन्दी)**	15.	श्रीमती नीलम
07.	श्रीमती आरती वर्मा **(सामाजिक विज्ञान)**	**कार्यालय सदस्य**	
08.	श्रीमती मनीषा झा **(विज्ञान)**	01.	श्री ईश्वर जाजोट **(कनिष्ठ सचिवालय अधिकारी)**
09.	श्रीमती मनीषा **(अँग्रेजी)**	02.	श्री सुदेश सारसर **(सब स्टाफ)**
10.	श्री सहज राम मीणा **(हिन्दी)**	03.	श्री भीमराव तापकीर **(सब स्टाफ)**
11.	श्री शुभेन्द्र प्रताप सिंह **(गणित)**		
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक			
01.	श्री आदित्य कुमार सिंह **(पुस्तकालयाध्यक्ष)**		
02.	श्री कोमल सिंह अंगारे **(कार्य अनुभव)**		
03.	श्री आनंद शिंदे **(कला शिक्षा)**		
04.	श्री अभय केने **(स्वास्थ्य शिक्षा)**		

सीबीएसई स्कूल टॉपर 2023

बारहवीं कक्षा

विज्ञान अनुभाग

1) कुमारी भारती मीना - 88.4%

2) कुमारी तेजल जावरे – 86.8 %

3) कुमारी ख्याति पटेल – 86.6%

वाणिज्य अनुभाग

1) कुमारी मारियाह शेख – 88.2 %

2) कुमारी सानिया सिंह – 87 %

3) कुमार तुषार मुखर्जी – 77.2 %

दसवीं कक्षा

1) कुमारी सुरभि दत्ता – 95.6 %

2) कुमारी गौरी मूँदोलकर – 95.4 %

3) कुमारी आपूर्वा आर्या – 95.2 %

हिंदी विभाग

हाय रे परीक्षा

हाय रे परीक्षा
जिस नाम को सुनने से कांपता है हर बच्चा,
वह है परीक्षा,
परीक्षा का पेपर हाथ में आते ही,
इतना डर लगता है,
कि अच्छा नहीं किया,
तो घर पर पीटना पक्का है,
3 घंटे में करने होते हैं लगभग 40 सवाल,
एक भी छूटा,
तो घर पर होता है बवाल,
रिजल्ट के एक दिन पहले,
रात को नींद नहीं आती है,
अच्छे नंबर पाने के लिए,
भगवान की याद आती है,
रखते हैं विद्यार्थी भगवान का व्रत,
अगर फेल हुए तो लगता है होगा,
डंडे से नृत्य,
पास होने पर मिलता है,
शानदार इनाम,
और मुख से निकलता है,
थैंक यू भगवान,
फिर आती है अगली कक्षा,
तब भी मुख से निकलता,
हाय रे परीक्षा

कीर्ति गोणीपुरी
12वीं वाणिज्य

दिन जल्दी-जल्दी ढलता है

दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!
हो जाए न पथ में रात कहीं,
मंजिल भी तो है दूर नहीं-
यह सोच थका दिन का पंथी भी जल्दी-जल्दी चलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

बच्चे प्रत्याशा में होंगे,
नीड़ों से झाँक रहे होंगे–
यह ध्यान परों में चिड़ियों के भरता कितनी चंचलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

मुझसे मिलने को कौन विकल?
मैं होऊँ किसके हित चंचल?–
यह प्रश्न शिथिल करता पद को,
भरता उर में विह्वलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

हो जाए न पथ में रात कहीं,
मंजिल भी तो है दूर नहीं-
यह सोच थका दिन का पंथी भी जल्दी-जल्दी चलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

वंशिका भदाणे
कक्षा 10 अ

दिन जल्दी-जल्दी ढलता है

दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!
हो जाए न पथ में रात कहीं,
मंजिल भी तो है दूर नहीं-
यह सोच थका दिन का पंथी भी जल्दी-जल्दी चलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

बच्चे प्रत्याशा में होंगे,
नीड़ों से झाँक रहे होंगे–
यह ध्यान परों में चिड़ियों के भरता कितनी चंचलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

मुझसे मिलने को कौन विकल?
मैं होऊँ किसके हित चंचल?–
यह प्रश्न शिथिल करता पद को,
भरता उर में विह्वलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

हो जाए न पथ में रात कहीं,
मंजिल भी तो है दूर नहीं-
यह सोच थका दिन का पंथी भी जल्दी-जल्दी चलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

वंशिका बदाणे

कक्षा 10 अ

अनुशासन

अनुशासन का अर्थ

अनुशासन का अर्थ व्यवस्थित और विनियमित तरीके से जीवन यापन करना है यह व्यक्ति को समय सामग्री और संसाधनों का उचित उपयोग करने में मदद करता है| अनुशासन व्यक्तियों को संगठित रखता है और उसे निरंतर उन गतिविधियों में ले जाता है जो उनके लिए अनिवार्य है ताकि वह सफलता हासिल कर सके | यह एक स्वावलंबी और नियमित जीवन शैली को नियंत्रित करता है

अनुशासन के लाभ

अनुशासन के अनेक लाभ हैं जो एक व्यक्ति को शारीरिक,नैतिक और आध्यात्मिक विकास में मदद करते हैं अनुशासन व्यक्ति को समय का प्रबंध, स्वस्थ जीवन शैली, स्वतंत्रता, धर्य और शारीरिक दक्षता का विकास करने में सहायता करता है| इसके साथ-साथ अनुशासन में रहने से व्यक्ति की विचारधारा, नैतिकता और अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशीलता में सुधार होता है|

अनुशासन का जीवन पर प्रभाव

अनुशासन का सभी के जीवन पर प्रभाव पड़ता है यह हमें जीवन की मुश्किल परिस्थिति में आराम से सोने में मदद करता है, मन को शांत रखने में मदद करता है, जीवन को संतुलित बनता है और बुरे रास्तों पर जाने से रोकता है इन सभी विशेषताओं से कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है खासकर विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन की कई विशेषताएं हैं जिससे वह एक अच्छा विद्यार्थी बन सकता हैं|

प्रत्यूश कुमार

कक्षा 10 अ

चिड़िया

कभी पेड़ पर कूदती है
कभी पानी में नाचती है
छोटी-छोटी लकड़ीयों से यह
हंसते-हंसते खेलती है |
छोटी-छोटी लकड़ीयों से यह
अपना घर बनाती है|
ना ही किसी को सताती है
ना ही किसी को रुलाती है
अपनी चैचाहट से सबको सुबह उठती है
फिर भी न जाने क्यों
पिंजरे में कैद पाई जाती है

कार्तिक आगवान
कक्षा 10 अ

अगर संगीत न होता

कोई खूश नहीं रह पाता
कोई काम मन से नहीं कर पाता
अगर संगीत न होता
ये दुनिया बेरंग हो जाती
सरगम के सुर न छिडते
नही ढोल मंजीरे बजते
मन निराशा से भरा रहता
कोई भी प्रसन्न न रह पाता
अगर संगीत न होता

रोहित जबुकर
कक्षा 10

गिरना भी अच्छा है

" गिरना भी अच्छा है, औकात, का पता चलता हैं
बढ़ते है जब हाथ उठाने को..
अपनो का पता चलता है....

जिन्हें गुस्सा आता है. वो लोग सच्चे होते है
मैंने झूठो अक्सर मुस्कुरातें हुए देखा है..

सीख रहे है हम भी ,मनुष्यों को पढने का हुनर,
सुना है चेहरे पे किताबो से ज्यादा लिखा होता है...!

सानिका पवार
कक्षा 10 अ

परीक्षा की तैयारी

परीक्षा मे अच्छे अंक पाने के लिए उसकी तैयारी मैं बहुत पहले से शुरू कर देती हूँ। सबसे पहले मैं एक समय सारणी बनाता हु और अपने समय को सभी विषयों मे बराबर विभाजित करता हूँ। जो विषय मुझे कठिन लगते है उनके लिए में अधिक समय रखता हूँ ।समय सारणी के कारण मै हर शाम खेल सकता हूँ जिसमे मै अपनी पढाई नए विवेक के साथ कर सकता हूँ।

रोहित जबुकर
कक्षा 10

परिश्रम का महत्व

देश दुनिया के प्रसिद्ध लोगों ने अपनी मेहनत परिश्रम के बल से ही दुनिया को यह अद्भुत चीज दी है| आज हमारे महान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को ही देख लीजिए ये हफ्ते में सातों दिन 17-18 घंटे काम करते हैं ये न कभी त्योहार छुट्टी लेते हैं और ना पर्सनल काम के लिए| देश का इतना बड़ा आदमी जिस किसी को छुट्टी के लिए जवाब ना देना पड़े वह तब परिश्रम करने से पीछे नहीं हटता है | देश को आजादी दिलाने के लिए महात्मा गांधी ने रात-दिन एक करके मेहनत की और आज इसी का फल है कि हम आजाद है| कड़ी मेहनत एक कीमत है जिसका हम सफलता पाने के लिए भुगतान करते हैं और जिस के प्राप्तहोते ही जीवन में खुशियां ही खुशियां आती है| आपको जीवन की सारी सुख सुविधा मिलेगी, लक्ष्मी की प्राप्ति होगी| आज के समय में परिश्रम रूपी धन जिसके पास है वह दुनिया की सुख सुविधा खरीद सकता है| परिश्रम से मानसिक व शारीरिक चुस्ती मिलती है| आज के समय में परिश्रम नहीं करने पर बहुत सी बीमारियां शरीर में घर कर लेती है इसलिए भी तंदुरुस्ती स्फूर्ति के लिए शारीरिक श्रम करने को बोला जाता है जिस वजह से लोग जिम में समय बिताने लगे हैं मानसिक विकास के लिए उसका परिश्रम करते रहना बहुत जरूरी है इसी के कारण लोगों द्वारा दुनिया में नए-नए अनुसंधान किए गए हैं| जीवन में परिश्रम करना बहुत जरूरी है अगर हम आलस करते हैं और परिश्रम से दूर भागते हैं तो अपने जीवन में कभी हम सफल नहीं हो पाएंगे इसलिए अपने जीवन में सफलता पाने के लिए परिश्रम बहुत जरूरी है |

पायल कांबले,

कनक पोत्रे

12वीं वाणिज्य

बदलती वेशभूषा

शब्दकोश में "फैशन" का अर्थ है ढंग या शैली | व्यवहार में उससे अभिप्रेत है परिधान शैली अर्थात वस्त्र पहनने की कला।

इस नाते फैशन कौन नहीं करता, गोरा या काला, मोटा या दुबला प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से वस्त्र पहनता है| अपने अंगों के डील डौल के अनुसार उन्हें सिलवाकर प्रयोग में लाता है| अतः वह फैशन करता है| यहां तक फैशन के विषय में कोई विषय विवाद नहीं| विद्यार्थी है या अध्यापक, लड़की है या लड़का सभी को ऐसा फैशन करने का जन्मसिद्ध अधिकार है किंतु फैशन का यह शाब्दिक अर्थ है|

फैशन पर विवाद तब उठ खड़ा होता है जब हम उसका रूढ़ अर्थ लेते हैं | बनावटी श्रृंगार से दूल्हा दुल्हन का तो संबंध हो सकता है किंतु छात्र और छात्राओं का नहीं क्योंकि वे अभी भी विद्यार्थी है जिस शब्द का अर्थ है की विद्या के चाहने वाले के चाहने वाले|

यदि विद्या के चाहने वाले फैशन को चाहने लगे तो क्या वह अपने उद्देश्य से दूर ना हट जाएंगे वही बात होगी आए थे हरि भजन को ओटन लगे कपास । जब विद्यार्थी फैशन में सीमा का अतिक्रमण कर जाएगा तब विद्या उससे रूठ जाएगी निस्संदेह यह फैशन विद्यार्थियों के लिए महंगा सौदा है| वेस घर वालों के लिए समस्या बन जाते हैं अध्यापक उन्हें सिर दर्द समझते हैं

कीर्ति

वैभव वाल्मीकि

12वीं वाणिज्य

स्त्री सशक्तिकरण: नारीत्व की पुनर्जागरण की ओर

समाज का विकास और प्रगति सिर्फ पुरुषों के जीवन के अधीन नहीं हो सकता| स्त्री सशक्तिकरण जो महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने का माध्यम है अत्यंत आवश्यक है| यह एक संघर्षपूर्ण लड़ाई है जिसमें समाज के मूल्य,स्वाभिमान और समानता के बारे में सोचने की जरूरत है|

स्त्री सशक्तिकरण का मतलब है महिलाओं को उनका आत्मसम्मान, स्वतंत्रता, आर्थिक स्थिति में सुधार और सामाजिक स्थान में मजबूती देने की क्षमता प्रदान करना| इसके माध्यम से महिलाएं स्वयं के निर्णय ले सकती है व्यक्तिगत और सामाजिक सपनों को पूरा कर सकती है, व्यापार कर सकती है, और अपनी आवाज बुलंद कर सकती है|
एक समर्पित और सशक्त महिला समाज की नींव होती है| वह अपने परिवार और समाज के सदस्यों को प्रभावित करने में सक्षम होती है उसकी सक्रियता, समर्पण और क्षमता समाज को नई सोच और प्रगति की ओर ले जाती है| स्त्री सशक्तिकरण के माध्यम से एक महिला खुद को पहचानती है और अपनी क्षमताओं को विकसित करती है यह उन्हें स्वाधीनता की अनुभूति देता है और उन्हें अपने जीवन का नियंत्रण स्वयं के हाथ में लेने की क्षमता प्रदान करता है|

स्त्री सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण पहलू है शिक्षा| शिक्षा महिलाओं के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है | शिक्षा महिलाओं को ज्ञान, संचार, कौशल, स्वतंत्रता और स्वावलंबन का अवसर प्रदान करती है| इसके अलावा शिक्षा उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाती है और उन्हें नई संभावना की ओर ले जाती है|
स्त्री सशक्तिकरण में रोजगार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जब महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र होती है तो वह अपनी प्रतिभा और क्षमताओं का उपयोग करके व्यापार उद्यमिता और स्वरोजगार कर सकती है| यह उन्हें आर्थिक मजबूती स्वावलंबन और सम्मान की अनुभूति देता है|

स्त्री सशक्तिकरण समाज के नेतृत्व और न्याय के लिए भी महत्वपूर्ण है| जब महिलाएं उच्च स्तरीय पदों पर पहुंचती है तो समझ में, विचारों और निर्णय की विविधता आती है| महिलाएं संविधान, नीतियों, योजनाओं और निर्णय में अपनी भूमिका निभा सकती है और उनकी आवाज को समाज में महत्व दिया जाता है|

स्त्री सशक्तिकरण का एक और महत्वपूर्ण पहलू है स्वास्थ्य और सुरक्षा। महिलाएं अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए जागरूक होती है और अपनी सुरक्षा की गर्त में सुरक्षित रहने के लिए उचित साधनों का उपयोग करती है यह उन्हें आत्मनिर्भर बनता है और उन्हें विकास की मुख्य राह पर आगे बढ़ाने में मदद करता है|

स्त्री सशक्तिकरण के लिए समाज को नारीत्व के मूल्यों को पुनर्जागरण करने की आवश्यकता है | इसमें सभी समाज के सदस्यों का सहयोग और योगदान शामिल होना चाहिए| स्त्री सशक्तिकरण न केवल महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि समाज के समस्त वर्गों के लिए भी आवश्यक है एक समर्पित शक्तिशाली और सम्मानित महिला समाज का निर्माण करती है और समग्र विकास में अहम योगदान देती है|

स्त्री सशक्तिकरण एक दिशा निर्देशक तत्व है जो समाज के लिए महत्वपूर्ण है| महिलाओं को उनकी स्वतंत्रता, समानता और स्वावलंबन की अनुमति देने से हम समृद्धि और समानता की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ा सकते हैं| इसलिए हमें अपने समाज में इसके लिए एक सशक्त समर्पित और सम्मानित महिला सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से समर्थन करना चाहिए| स्त्री सशक्तिकरण के माध्यम से हम एक बेहतर और समर्पित समाज की ओर अग्रसर हो सकते हैं जहां हर एक महिला को समान अवसर, समान अधिकार और सम्मान मिले |

कौसानी गुहा
11वीं विज्ञान

हिंदी भाषा

प्रकृति की पहली ध्वनि **ओम** है|
मेरी हिंदी भाषा भी, इस ओम की ही देन है| देवनागरी लिपि है इसकी, देवों की कलम से उपजी बंगाली, गुजराती, भोजपुरी, डोंगरी, पंजाबी और कई हिंदी ही है इन सब की जननी|
प्रकृति की हर एक चीज अपने में संपूर्ण है
मेरी हिंदी भाषा भी अपने में संपूर्ण है
जो बोलते हैं, वही लिखते हैं
मन के भाव सही उबरते हैं|
हिंदी भाषा ही तुम्हें, प्रकृति के समीप ले जाएगी
मन की शुद्धि तन की शुद्धि, सहायक यह बन जाएगी
कुछ हवा चली है ऐसी यहां
कहते हैं इस मातृभाषा को बदल डालो
बदल सको क्या तुम अपनी माता को
मातृभाषा का क्यों बदलाव करो
देवों की भाषा का क्यों तुम तिरस्कार करो
बदल सको तो तुम अपनी सोच को बदल डालो
हर एक भाषा का तुम दिल से सम्मान करो
हिंद की जड़ों पर आओ हम गर्व करें
हिंदी भाषा पर आओ हम गर्व करें |

कृष ठाकुर
12वीं वाणिज्य
सार्थक रावत

सबको भाए मधुर वाणी

मधुर वाणी के महत्व तो को प्रकट करने वाला दोहा---
कोयल काको दुख हरे, कागा काको देय
मीठे वचन सुनाए के जगे अपनों कर लेय
यू तो कोयल और कौवा दोनों ही देखने में एक से होते हैं परंतु वाणी के कारण दोनों में जमीन आसमान का अंतर आ जाता| दोनों पक्षी किसी को न कुछ देते हैं और ना कुछ लेते हैं परंतु कोयल मधुर वाणी से जग को अपना बना लेती है और कौवा अपनी कर्कश वाणी के कारण भाग जाता है | कोयल की मधुर वाणी कर्ण प्रिय लगती है | और उसे सब सुनने को इच्छुक रहते हैं यही स्थिति समाज की है समाज में वे लोग सभी के प्रिय बन जाते हैं जो मधुर बोलते हैं जबकि कटु बोलने वालों से सभी बचकर रहना चाहते हैं||
इसके अलावा जो मधुर वाणी बोलते हैं उन्हें खुद को संतुष्टि और सुख की अनुभूति होती है इससे व्यक्ति का व्यक्तित्व प्रभावी रहा है इससे व्यक्ति के बिगड़े काम तक बन जाते हैं| कोई भी काल रहा हो मधुर वाणी का अपना विशेष महत्व रहा है इस भागम भाग की जिंदगी में जब व्यक्ति कार्य की बोझ, दिखावा और भौतिक सुखों को एकत्र कर पाने की होड़ में तनाव ग्रस्त होता जा रहा है तब मधुर वाणी का महत्व और भी बढ़ जाता है हमे सदैव मधुर वाणी का प्रयोग करना चाहिए |
मधुर वाणी औषधि के समान होती है जो सुनने वालों के तन और मन को शीतल कर देती है इससे लोगों को सुखानुभूति होती है| कड़वी बोली जहां लोगों को जख्म देती है वही मधुर वाणी वर्षो से हुए मन के घाव को भर देती है मधुर वाणी किसी वरदान के समान होती है|

रिया पांडे
श्रद्धा गमे
12वीं वाणिज्य

बदलती तस्वीरें

हर तस्वीर की भी तकदीर होती है ।
कोई दिल में बसती है, कोई दीवार पर होती है ।।

पुरानी एक किताब के पन्नो को जो टटोल।
उसमे रखी तस्वीर ने यादो का पिटारा खोला।

सीने में जब जब सांसो को भरती हूँ ।
तब तब तेरी यादो की गलीयो से गुजरती हूँ ।

जाने कब तुम चुपके से, ये तस्वीर युं रख दिये।
मीठी मीठी यादो को किताबी पननो से टल लिए।।

समय की धूल जैसे गुजरे वक्त के पन्नो पे |
कम होने लगी धीरे- धीरे यादो से आई आखों की नमी ।।

सिर्फ मैं ही नहीं, देखती है मुझे ये तस्वीर भी।
यादों के झरोखो से देख, बदल रही है मेरी तकदीर भी ।।

तु क्या जाने तेरी यादे, कितना मुझे रुलाई है।
किताब मे सिर्फ आज नजर आई है तेरी तस्वीर ||

प्रयाग शुक्ल
शान्तनु पी एम
कक्षा 10 वीं

प्रकृति

हरे हरे खेतों में
बरस रही बूँदें
खुशी खुशी से आया सावन
भर गया मेरा आँगन।

ऐसा लग रहा है जैसे
मन की कलियाँ खिल गयी वैसे
ऐसा की आया बसंत
लेके फुलो का जश्न।।

धूप से प्यासी मेरे तन को
बूँदो ने दी ऐसी अंगडाई
कुद पडा मेरा तन मन
लगता है मैं हूँ एक दामन ||

यह संसार है कितना सुंदर
लेकिन लोग नही उतने अक्लमंद
यह है एक निवेदन
न करो प्रकृति का शोषण |

उत्कर्ष गाडे
कक्षा 10 'अ'

योग

योग शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रण करने मे मदद करता है । शरीर को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। यह तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है । योग आसन शक्ति, शरीर में लचीलेपन और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए जाने जाते है। योग सत्र में मुख्य रूप से व्यायाम, ध्यान , योग आसन शामिल होते हैं। योग दिल को स्वस्थ बनाने में मदद करता है । यह आपके शरीर और नसों में रक्त के प्रवाह को बढाकर अधिक कुशलता से काम करता हैं। योग एक चमत्कार है और अगर इसे किया जाए तो यह आपके पुरे जीवन का मार्गदर्शन करेगा।

श्रावणी मिश्रा

कक्षा 10 अ

शिक्षा में खेलों का महत्व

शिक्षा और खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग होता है| स्वस्थ रहने के लिए खेलों को खेलना बहुत आवश्यक होता है उसी तरह ज्ञान अर्जित करने के लिए शिक्षा का महत्व है| हमारे जीवन में खेलों का महत्व भी है खेलकूद से हमारे शरीर का शारीरिक, मानसिक विकास होता है जिस प्रकार हमें जिंदा रहने के लिए हवा पानी भोजन की आवश्यकता होती है इसी तरह स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद की आवश्यकता होती है|

हमारे जीवन में मस्तिष्क के साथ-साथ शारीरिक शक्ति का भी विकास होना आवश्यक है अर्थात मस्तिष्क के विकास के लिए जहां शिक्षा की आवश्यकता होती है वही शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेल की आवश्यकता होती है| विद्यार्थियों तथा हम सभी को जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद को भी शामिल करना चाहिए खेल से केवल शरीर का ही नहीं बल्कि मस्तिष्क और मन का विकास होता है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्ती का वास होता है शिक्षा और खेल को दोनों ही हमारे जीवन में आवश्यक होते हैं अर्थात शिक्षा और खेल एक दूसरे के पूरक होते हैं शिक्षा के बिना खेल कूद का कोई महत्व नहीं होता और खेल कूद के बिना शिक्षा का कोई महत्व नहीं होता जीवन में सफल होने के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल भी आवश्यक होता है |अर्थात शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी कुशल होना आवश्यक है तभी हम अपने जीवन में स्वस्थ और कुशल रह सकते हैं|

आशना परिधि
कक्षा 9

फुटबॉल

फुटबॉल विश्व का सबसे प्रसिद्ध खेल है। यह बहुत ही रोमांचकारी और चुनौतीपूर्ण खेल है जो आमतौर पर दो टीमो के द्वारा युवाओ के आनंद और मनोरंजन के लिए खेला जाता है। यह मनोरंजन का महान स्रोत है जो शरीर और मन को तरोताजा करता है। इस खेल को सॉसर के नाम से भी जाना जाता है।

फुटबॉल की उत्पत्ति

कुछ विशेषज्ञों के अनुसार यह कहा जाता है कि इसकी उत्पत्ति चीन में हुई। । यह दो टीमो के द्वारा खेला जाता है । (जिसमें दोनों टीमों मे 11- 11 खिलाड़ी होते है।), जिनका लक्ष्य एक दूसरे के खिलाफ अधिकतम गोल करना होता है। इस खेल की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता १० मिनट की होती है, जो 45-45 के दो भागों में विभाजित होती हैं।

फुटबॉल खेलने के लाभ

फुटबॉल खेल एक अच्छा शारीरिक व्यायाम है। यह बच्चों और युवाओं के साथ-साथ अन्य आयु के लोगों के लिए भी विभिन्न लाभ प्रदान करता है। यह आमतौर पर स्कूल और कॉलेजों में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए खेला जाता है। यह विद्यार्थियों के कौशल, एकाग्रता और स्मरण शक्ति को सुधारने में मदद करता है। यह वो खेल है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ और अच्छा बनाता है।

यह अनुमान लगाया जाता है कि लगभग 50 देशों के 2500 लाख खिलाड़ियो के द्वारा यह खेल खेला जाता है, जो इसे विश्व का सबसे प्रसिद्ध खेल बनाता है।

शाहिद रफीक मौहम्मद
कक्षा 12 वीं

जीवन में खेलों का महत्त्व

खेल शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती को सुधारने का बहुत ही महत्वपूर्ण और सरल तरीका है। आजकल सरकार के महत्वपूर्ण प्रयासों द्वारा खेल के क्षेत्रों में काफी सुधार आया है। पहले कहा जाता था कि "खेलोगे कूदोगे होंगे खराब, पढ़ोगे - लिखोगे तो बनोगे नवाब"।' समय में बदलाव के कारण अब इस धारणा में बदलाव आ गया है अब खेल यश, धन पद और प्रतिष्ठा पाने का माध्यम बन गया है। विज्ञापन कंपनियाँ करोड़ों का सालाना अनुबंध करती है। आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, एशियाई खेलों मे या ओलंपिक स्तर पर पदक जीतने पर केंद्र एवं राज्य सरकार पुरस्कार एवं भारी राशि देने के अलावा शानदार नौकरियों का प्रस्ताव भी देती हैं।

खेल और स्वास्थ्य का अत्यंत घनिष्ठ संबंध है। यह हमारे शारीरिक और मानसिक सन्तुलन को बनाए रखता है, इसके साथ ही यह हमारे एकाग्रता और स्मरण शक्ति को सुधारता है। खेल हमारे शरीर में रक्त संचार बढ़ाता है। जिससे शरीर स्वस्थ्य बनता है। इसके आलावा खेलो से शरीर लचीला, फुर्तीला, ऊर्जावान तथा बलवान बनता है। खेल लोगो को सुख-दुख को समान भाव से अपनाने की प्रेरणा देते हैं। खेल मनुष्य में ईमानदारी, सहनशीलता, सामंजस्य बिठाना तथा क्षमा करने जैसे गुणों का विकास करते हैं। इसके अलावा खेल मनुष्य को अनुशासन में रह कर काम करना सिखाते है। खेल बहुत तरीकों से हमारे जीवन को उन्नत करने का कार्य करते हैं। खेल व्यक्ति का सम्मान तथा राष्ट्र का गौरव बढ़ाते है। यह एक व्यक्ति की कुशलता , कार्य क्षमता को सुधारता है और साथ ही मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है। यह हमे निरंतर कार्य और अभ्यास करना सिखाता है। हमें अपनी रूचि के अनुसार खेलो में अवश्य भाग लेना चाहिए। खेल और शिक्षा
दोनों को अपने जीवन में एक साथ अपनाकर हम महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त कर सकते है।

क्षितिज वाघमारे
कक्षा 12 वीं ब

अंतिम ऊँचाई

कितना स्पष्ट होता आगे बढ़ते जाने का मतलब
अगर दसों दिशाएँ हमारे सामने होती
हमारे चारों ओर नहीं।
कितना आसान होता चलते चले जाना
यदि केवल हम चलते होते
बाकी सब रुका होता ।

मैंने अक्सर इस उल-जुलूल दुनिया को
दस सिरों से सोचने और बीस हाथों से पाने की कोशिश में
अपने लिए बेहद मुश्किल बना लिया है।

शुरू-शुरू में सब यही चाहते है
कि सब कुछ शुरू से शुरू हो,
लेकिन अंत तक पहुँचते पहुँचते हिम्मत हार जाते हैं
हमें कोई दिलचस्पी नहीं रहती
कि वह सब कैसे समाप्त होता है ।
जो इतनी धूमधाम से शुरु हुआ था। हमारे चाहने पर।

दुर्गम वनों और ऊंचे पर्वतों को जीतते हुए
जब तुम अंतिम ऊँचाई को भी जीत लोगे-
तब तुम्हें लगेगा कि कोई अंतर नहीं बचा अब
तुमनें और उन पत्थरों की कठोरता में
जिन्हें तुमने जीता है-
जब तुम अपने मस्तक पर बर्फ का पहला तूफान झेलोगे
और कांपोगे नहीं-
तब तुम पाओगे कि कोई फर्क नहीं
सब कुछ जीत लेने में
और अंत तक हिम्मत न हारने में।

कुँवर नारायण प्रस्तुत
जय प्रकाश
कक्षा 10 वीं अ

एक सवाल

आओ, पूछे एक सवाल !
मेरे सिर में कितने बाल ?
कितने आसमान में तारे ?
बतलाओ या कह दो हारे!
नदियाँ, क्यों बहती दिन-रात ?
चिड़ियाँ क्या कहती है बात ?
क्यों कुत्ता, बिल्ली पर धाए?
बिल्ली क्यों चूहे को खाए ?
फूल कहाँ से पाते रंग ?
रहते क्यों न जीव सब संघ ?
बादल क्यो बरसाते पानी?
लड़के क्यो करते शैतानी ?
नानी की क्यो सिकुड़ी खाल'?
अजी, न करो ऐसा सवाल!
यह सब ईश्वर की माया है,
इसको कौन जान पाया है ? ,

चंचल कुमारी
कक्षा 10 वीं अ

नर हो, न निराश करो मन को

कुछ काम करो, कुछ काम करो
जग में रह कर कुछ नाम करो
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो
समझो जिसमें यह व्यर्थ न हो
कुछ तो उपयुक्त करो तन को
नर हो, न निराश करो मन को ।

संभलो कि सुयोग न जाय
चला कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला
समझो जग को न निरा सपना
पथ आप प्रशस्त करो अपना
अखिलेश्वर है अवलंबन को
नर हो,न निराश करो मन को।

नाम – ईशान निर्वाण
कक्षा– 6 (स)

एक किताब पढ़नी चाहिए

किताब का कोई धर्म नहीं होता ।
ज्ञान का कोई अंत नहीं होता ।
जहां से अच्छी सीख मिली ले लेनी चाहिए
एक किताब पढ़नी चाहिए।
किताब से बढ़कर कोई मित्र नहीं होता
किताब से बढ़कर कोई सच्चा मीत नहीं होता ।
जहां ऐसे रिश्ते मिले समेटलेनेचाहिए ।
एक किताब पढ़नी चाहिए।
किताब ज्ञान की खान है।
जो होती सबसे महान है।
जो देता इंसान को मौका बदलने का
तो बदल जाना चाहिए ।
एक किताब पढ़नी चाहिए।
मंजिल तक जो पहुंच आती है
हर इंसान को राह दिखाती है।
उसे राह पर चलकर मंजिल पानी चाहिए
एक किताब पढ़नी चाहिए।

औरस
कक्षा 9 स

प्लास्टिक प्रदूषण

जागरूकता अभियान
पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प करें,
प्लास्टिक के उपयोग को कम करें।

प्रस्तावना :

प्लास्टिक प्रदूषण हमारे पर्यावरण को काफी तेजी से नुकसान पहुंचा रहा है| प्लास्टिक एक ऐसा सामग्री है जो विघटित नहीं होता है प्लास्टिक नदियों, झीलों और सागरों के जल को भीषण रूप से प्रदूषित करता है प्लास्टिक मिट्टी के साथ मिश्रित नहीं होता है और हजारों वर्षों तक यूं ही जमीन और समुद्र के ताल में पड़ा रहता है|

प्लास्टिक प्रदूषण के कारण:

1. सख्त और आसानी से मिलने वाला

पॉलिथीन के बैग आसानी से बनते हैं और सस्ते होते हैं इसलिए सब जगह इसी का उपयोग ज्यादा होता है इसी पॉलिथीन की वजह से नदी नाले अटक जाते और भयंकर बीमारी का फैलाव करते हैं

2. अघुलनशील पदार्थ

प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का कचरा दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है क्योंकि प्लास्टिक एक अघुलनशील पदार्थ है इसका सीधा सा मतलब होता है कि यह पानी और धरती पर गलता नहीं है इसी कारण प्लास्टिक हमारे जीवन में बहुत ही ज्यादा खतरनाक होता है|

शिक्षा : हमें कभी कचरा प्लास्टिक या पॉलीथीन नहीं फैलाना चाहिए

सौम्यदीप मंडल
कक्षा 6 अ

जीने की राह

संत एकनाथ के पास एक आदमी गया और पूछा महाराज दुनिया मे किस तरह से रहना चाहिए? संत ने कहा सामने आ पहले तेरा माथा देखूं कि तेरा जीवन बाकी भी है कि नहीं। वो आदमी सामने आया और माथा दिखाया| संत ने कहा तेरी तो सात दिनों मे मौत है, अब तू कहे तो बताऊं ? आदमी बोला फिर रहने दो। वो भागता हुआ गया। सबसे पहले उसने उन लोगो से माफी मांगी जिनको उसने भला बुरा कहा था। फिर जिन लोगो से झगड़ा किया था. बेईमानी करी थी उनसे भी जाकर माफी मांगी। घर जाकर बच्चो को बच्चो को गले लगाया,पत्नी से बोला मेरी यात्रा करने का मन हो रहा है, मैं भगवान का सहारा ले रहा हूँ हो सकें तो तू भी भगवान का सहारा ले ले। इस तरह से छः दिन बीत गए। सातवे दिन वो भगवान के ध्यान में बैठा, मन बड़ा हल्का था। फिर उसे ध्यान आया कि एक बार संत से चलकर एक पुछ लेता हूँ कि अगले जन्म में कैसे जीना है, फिर वैसे जी लेंगें।भागा भागा गया संत के पास पूछा-महाराज किस तरह से दुनिया मे जीना चाहिए ? संत ने कहा कि पहले ये बता कि ये सात दिन कैसे बीते कितने लड़ाई-झगड़े किए ? किस-किस से बेईमानी की? आदमी बोला महाराज कोई लड़ाई-झगड़े नही किए। बल्कि जो पुराने थे उनसे भी माफी जाकर मांग आया हूं और उन्होने ने भीँ माफ कर दिया है। संत ने फिर पूछा –अच्छा। इन सात दिनों में भगवान को याद किया कि नहीं ? ये बोला महाराज भगवान को ही याद किया क्योंकि मौत सामने थी। संत ने कहा तो फिर जा बाकी की जिंदगी भी ऐसे ही बीता । आदमी बोला - पर आपने तो हमारा माथा देखा था। सातवे दिन मौत बताई थी मौत तो इस पर संत ने कहा सात दिनो मे ही है- सोमवार, मंगलवार ,बुधवार,गुरुवार, शुक्रवार,शनिवार,इतवार यही सात दिन है मनुष्य इन्ही सात दिनों में जन्म लेता है और मृत्यु को प्राप्त होता है।

नाम – आयुष कुमार
कक्षा–दसवी –स

आत्मविश्वास

आत्मविश्वास... यह मानवी चरित्र का मौलिक गुण तथा उसके जीवन-पथ का प्रबल संबल है। यह गुण मनुष्य को घर-परिवार व समाज के संस्कार से मिलता है तथा शिक्षण-अभ्यास से यह विकासित होता है। जो आत्मविश्वास का अलख जगाकर जीवन के मार्ग पर आगे बढ़ता है, उसके समक्ष आपदाओं के पर्वत ढह जाता है और मंजिल सदा उसकी प्रतीक्षा करती रहती है। जिसके पास आत्मविश्वास का बल है, वह विचलित नहीं होता, बल्कि नए संकल्प, नए उत्साह से आगे पराजय के क्षणों मे भी अंततः विजय प्राप्त करता है।

वस्तुतः आत्मविश्वास के अंकुर से प्रयत्न का पौधा उगता है और प्रयत्न के लहलहाते पौधे पर ही सफलता के मधुर फल लगते हैं। आत्मविश्वास मनुष्य को कठित क्षणों मे मुश्किलों और परेशानियो से जूझना सिखाता है। आत्मविश्वास मनुष्य के भीतर छीपी उस अपार शक्ति को बाहर निकालने में सहायक होती है जिसके बारे मे व्यक्ति स्वयं नही जानता। यह मनुष्य के भीतर संघर्ष की भावना भरता है और कठिन से कठिन परिस्थितियों पर हावी होने की क्षमता का विकास करता है।

नाम - श्रावणी राऊल
कक्षा 12 वी वाणिज्य

इंटरनेट का उपयोग

इंटरनेट को विज्ञान की अद्‌भुत देन कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं हैं। वास्तव मे इंटरनेट सूचनाओं एवं जानकारियों का विस्तृत जाल है। इसमें एक-दो नहीं करोड़ों पन्नों की जानकारी भरी है। इंटरनेट की मदद से हम अपनी इच्छित जानकारी और जिज्ञासा का हल कुछ ही पल में कंप्यूटर की मदद से पा सकते हैं। इसकी सहायता से हम कुछ ही क्षण में दुनिया से जुड़ जाते हैं। अपने विचित्र गुण के कारण इंटरनेट तेजी से युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है।

यह ऐसा माध्यम है जिसमें संचार के लगभग साधनों के गुण समाए हैं। इंटरनेट अपने आप में विशाल पुस्तकालय भी है जिसमें दुर्लभ जानकारियों से भरी अनेकानेक 'पुस्तकें समायी हैं। इसकी पहुँच दुनिया के कोने-कोने तक है। इंटरनेट बहु उपयोगी साधन है। इसके माध्यम में मनोवांछित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तो घर बैठे सिनेमा या हवाई जहाज के ई –टिकट बुक करवा सकते हैं। यह पढ़ने लिखने वालों तथा शोधकर्ताओं के लिए वरदान हैं। इंटरनेट का सावधानीपूर्वक उपयोग न करने पर इसके दुरुपयोग की संभावना रहती हैं। इंटरनेट की अश्लील सामग्री से युवाओं का कोमल मन दिग्भ्रमित हो रहा है। विवेकपूर्वक उपयोग करने पर यह वरदान सरीखा हैं।

नाम– जान्वी घोरपडे
कक्षा –12 'ब'

जिंदगी की नई शुरुवात

संसार की सबसे मूल्यवान वस्तु समय होता है लेकिन वर्तमान में ज्यादातर और खासकर विद्यार्थी इस बात को भूल चुके है। क्योंकि देखा जाए तो वे नई-नई टेक्नोलाजी के आ जाने से उनकी जिंदगी बहुत व्यस्त हो गई है। खासकर मोबाइल उनके करियर में बड़ी बाधा बन चुका है। कोई गेम खेलने पर में तो कोई सोशल मीडिया पर व्यस्त है। इससे आप भविष्य का अंदाजा लगा सकता है। इस तरह वह अपना अनमोल समय गवा देते हैं।

एक नई शुरूआत के लिए हमें अपनी सोच व मान्यताओं को बदलना होगा, क्योंकि सफलता उसी को प्राप्त होती है जो बिना समय को गवाए मेहनत करें। सबसे पहले हमें इस धारणा को बदलना होगा कि हमारे साथ वही होता है जो भाग्य में लिखा होता है क्योंकि ऐसा होता तो आज हम ईश्वर की पूजा न करके उन्हें ही कोसते, किन्तु हमारे साथ जो कुछ भी होता है उसके ज़िम्मेदार हम स्वयं होते है इसीलिए खुश रहना या ना रहना हम पर ही निर्भर करता है।

भगवान उसी की मदद करते है जो अपनी मदद खुद करता है। अगर कोई व्यक्ति यह सोचता है कि हमारे साथ जो कुछ भी होता है वह हमारे हाथ में नहीं तो वह व्यक्ति इस गलत धारणा बदल ले या इसके भुगतान के लिए तैयार रहें। हमें जिंदगी की एक नई शुरूआत करनी चाहिए जिसमे समय का मान हो और सही उपयोग हो | ना कि सब कुछ किस्मत पर छोड़ देना। हमें जिंदगी में कर्म करना चाहिए ना कि फल की चिंता ।

नाम:- प्रभा साना

लेखन परिदृश्य : जीवन में अच्छे और बुरे लोगो की परख

अक्सर हमारे जीवन में कई बार ऐसे लोग आ जाते है जहाँ हम अच्छे और बुरे का फर्क नही समझ पाते है और यह जीवन की सबसे बड़ी विडम्बना है। ऐसे में कुछ बुरे लोग हमें भी अपने जैसा बनाना चाहते है। ऐसे लोग ना तो आगे बढ़ते है और ना किसी और को आगे बढ़ने देते है। अब अच्छे लोगो की एक खासीयत होती है कि वह अच्छे और बुरे का फर्क जान लेते है। अच्छे लोग आपको आगे बढ़ने की सलाह देने के साथ-साथ आपकी प्रेरणा के सोत्र भी बनते है। अपने साधनों का सही उपयोग कहाँ और कैसे करना है यह वो भलीभांति समझ सकते हैं। 'नीम' कड़वा जरूर होता है लेकिन ज्यादा तर बिमारियों में नीम हकीम है। कुछ लोग नीम की तरह होते है किन्तु वह ही आपके सच में साथी व सच्चे हितैषी भी होते है। ऐसे अच्छे, सच्चे और ईमानदार लोगो से हमेशा आपको फायदा ही मिलता है। इन्हें जो कहना होता है वह सामने ही कह देते हैं, उनकी बातें बिल्कुल खरी होती है। यहाँ बुरे लोगो से मेरा यह मानना है कि ये मानव की प्रकृति है कि वो नकारात्मकता की ओर जल्द ही आकर्षित हो जाते हैं। मैं यह नहीं कह रही सब लोग एक जैसे ही होते हैं। कुछ नकारात्मक होते है तो कुछ सकारात्मक, कुछ आपका साथ जीवन के हर मोड़ पर देते है तो कुछ कभी साथ नहीं देते | इसीलिए हमें बहुत सोच-समझकर अपने आस-पास के लोग चुनना चाहिए जो हमें और हमारी तरक्की में खुश हो सके ना की दुखी। आशा करती हूँ की आपको मेरे इस प्रेरणादायक लेख से कुछ सीखने को मिला होगा।

प्रभा साना
कक्षा:- 12-ब

महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता क्यों

पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था - "लोगों को जगाने के लिए महिलाओं का जागृत होना जरूरी है।" हमारे देश भारत में बहुत से ऐसे इलाके है जहां समाज में महिलाओं को उचित अधिकार व सम्मान नहीं दिया जाता। उन्हें प्रत्येक दृष्टि से पुरुषों से कम ही आता जाता हैं। इसीलिए हमें महिला सशक्तिकरण की अति आवश्यकता हैं। महिला के प्रति होने वाले अन्याय, शोषण और असमानता को हेतु नारियों को सशक्त करना समाज की प्रथम आवश्यकता है। इसके अंतर्गत महिलाओं को जरूरी कानूनी सुरक्षा भी प्रदान की जाती है।
"नारी जब सशक्त बनेगी, विकास की लहर चलेगी।" "जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी आंचल में है दूध और आंखो में पानी" ||

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि भारत एक पुरुष प्रधान देश है। जहां हर क्षेत्र में पुरुषों का वर्चस्व है। और महिलाओं को केवल - परिवार की देख भाल के लिए जिम्मेदार माना जाता हैं। भारत में लगभग 50% आबादी केवल महिला द्वारा कवर की जाती है। देश का पूर्ण विकास आधी आबादी का मतलब महिलाओं पर निर्भर करता है जो कि सशक्त नहीं है और कभी भी कई सामाजिक बाधाओं द्वारा प्रतिबंधित है। ऐसी स्थिति में हम यह नहीं कह सकते कि हमारा देश भविष्य में अपनी आधी आबादी के सशक्तिकरण के बिना विकसित होगा, महिलाओं के बिना यदि हम अपने देश को एक विकसित देश बनाना चाहते हैं। तो सबसे पहले पुरुषों को, सरकार, कानून और महिलाओं के प्रयासों से भी महिलाओं को सशक्त बनाना बहुत आवश्यक है। नारी के साथ भेदभाव कर उनकी शक्ति को कमतर आंकना बिल्कुल गलत है। समाज में लैंगिक असमानता को दूर करने हेतु नारी जाति को सशक्त बनना जरूरी है।

नाम – श्रुति
कक्षा– 12 (विज्ञान)

विद्यार्थी और फैशन

शब्दकोश में 'फैशन'का अर्थ है ढंग या शैली। व्यवहार में
उससे अभिप्रेत है - परिधान शैली, अर्थात् वस्त्र पहनने की कला। है। अपने अंगों इस नाते फैशन कौन नहीं करता। गोरा या काला, मोटा या दुबला प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से वस्त्र पहनता के डीलडौल के अनुसार उन्हें सिलवाकर प्रयोग में वह फैशन लाता हैं। यहाँ तक फैशन के विषय में कोई विशेष विवाद नहीं। विद्यार्थी हो या अध्यापक, लड़की हो या लड़का, सभी को ऐसा फैशन करने का जन्मसिद्ध अधिकार है। किंतु फैशन का राह शाब्दिक अर्थ हैं।
फैशन पर विवाद तब खड़ा होता है जब हम उसका रूढ़ अर्थ लेते है — बनाव-सिंगार। बनाव- - सिंगार से दूल्हा-दुलहन का तो संबंध हो सकता है, किंतु छात्र और छात्राओं का नहीं, क्योंकि अभी वे विद्यार्थी हैं, जिस शब्द का अर्थ है कि विद्या के चाहनेवाले। यदि विद्या के चाहनेवाले फैशन को चाहने लगें तो क्या वे अपने उद्देश्य से दूर न हट जाएँगे? वही बात होगी,`आए थे हरिभजन को ओटन लगे कपास'। जब विद्यार्थी फैशन में सीमा का अतिक्रमण कर जाएगा तो विद्या उससे रूठ जाएगी।

कविवर रवींद्रनाथ टैगोर ने ' नकल का निकम्मापन' नामक अपने लेख में लिखा है, "नकल करके वस्त्रों के आयोजन और यत्न में लगे रहने से बढ़कर मूर्खतापूर्ण कार्य मुझे दिखाई नहीं देता।"

वस्तुतः विद्यार्थियों के इतिहास में कृत्रिम दिखावे की सनक कभी भी उतनी प्रबल नहीं थी जितनी आज के युग में दिखाई देती है। अधिकांश छात्र गली-मुहल्ले में जिस प्रकार के वस्त्र देखेंगे, वैसे ही वस्त्रों की माँग माता-पिता से करेंगे । ऐसा क्यों ? "इसलिए कि वे अपने वस्त्रों से और रहन-सहन से स्वयं को इतना धूनी विखाना चाहते हैं, जितने वे वास्तव में नहीं हैं। इतना सुंदर बनना चाहते हैं, जितने वे न भ कभी थे, न हैं और न ही भविष्य में कभी होगे। दूसरों की आँखो को प्रसन्न करने के लिए इतना बड़ा आयोजन करके वे केश और देश के फेर में इतना समय व्यर्थ खो देते है कार्यो के लिए उनके पास जाता अपना कि अन्य महत्त्वपूर्ण न तो समय ही रह हैं , न रुचि, न धन और न सामर्थ्य ही। भला उन्हें कौन बुद्धिमान कहेगा। यह की फिजूलखर्ची हैं। समय का अपव्यय हैं, 5 धन निस्संदेह यह फैशन विद्यार्थियों के लिए महँगा सौदा है। वे घरवालों के लिए समस्या बन जाते हैं। अध्यापक उन्हें सिरदर्द समझते है। समाज उन्हें भावी भारत समझता है, क्योंकि बचपन की चंचलता के कारण सस्ती भावना में भटककर वे अपने बहुमूल्य का को भूल जाते हैं। हमारी वेशभूषा प्रभाव दूसरों उद्देश्य 'विद्या' अच्छा या बुरा की अपेक्षा हमपर अधिक पड़ता है। उसका प्रभाव हमारी भौतिक उन्नति पर ही नहीं, चरित्र पर भी पड़ता है। अंग्रेजी के प्रसिद्ध विचारक और लेखक एमर्सन का वह कहना है कि सौम्य वेश से जो आत्मशांति मिलती है, धर्म से भी नहीं मिलती।

नाम :-कीर्ती
कक्षा 12 वाणिज्य

भारत के राष्ट्रीय चिन्ह और उनका अर्थ

हर एक राष्ट्र की अपनी एक अलग पहचान होती है, जिसे सर्वसम्मति से सबक द्वारा स्वीकार किया जाता है. राष्ट्र की पहचान, राष्ट्र के प्रतीक एवं वहां के नागरिकों से होती है. देश के राष्ट्रीय प्रतीक का अपना एक इतिहास, व्यक्तित्व और विशिष्टता होती है. भारत के राष्ट्रीय प्रतीक देश का प्रतिबिम्ब है, जिसे बहुत सोच समझकर चुना गया है. हमारे देश के राष्ट्रीय ध्वज की डिजाईन आजादी के पहले 22 जुलाई 1947 को चुनी गई थी. हमारे देश भारत के राष्ट्रीय प्रतीक निम्न हैं:

राष्ट्रीय ध्वज (National Flag Of India) -

भारत देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, भारत देश की शान का प्रतीक है, तिरंगे में तीन रंग की पट्टियाँ समान अनुपात में है. इसमें सबसे उपर गहरा केसरिया रंग है, जो साहस और बलिदान का प्रतीक है. बीच में सफ़ेद रंग की पट्टी शांति और सच्चाई का प्रतीक है. सबसे नीचे हरा रंग विश्वास, समर्धि और हरियाली का प्रतीक है. तिरंगे में बीचों बीच सफ़ेद रंग के उपर नीले रंग से अशोक चक्र बना हुआ है. जिसने 24 धारियां है. ये ध्वज स्वराज ध्वज की तरह है, जिसे पिंगली वेंकाया ने डिजाईन किया था.

राष्ट्रीय प्रतीक (National Emblem of India) -

भारत का राष्ट्रीय चिन्ह सारनाथ के अशोक में सिंह की अनुकृति है. गोलाई में बनी इस आकृति में चार सिंह के मुंह है, जो एक दुसरे को थी दिखाए हुए बने है. ये आकृति शक्ति, साहस और जीत का प्रतीक है. इसके साथ ही इसमें नीचे की ओर एक हाथी, एक घोड़ा, एक बैल और एक शेर की आकृति बनी हुई है, इसके बीच में अशोक चक्र भी बना हुआ है. 26 जनवरी 1950 को जब देश का संविधान लागु हुआ था, तब इसे देश का राजकीय प्रतीक के रूप में अपना गया था. इसे एक ही पत्थर पर नक्काशी करके बनाया गया है. इसके नीचे 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जिसे हिन्दू वेद से लिया गया है. यह आज भी सारनाथ के संग्रहालय में सुरक्षित रखा है, इस आकृति के सुपर धर्मचक्र भी बना हुआ है. गणतंत्र दिवस इतिहास यहाँ पढ़ें.

राष्ट्र गान (National Anthem of India) -

हमारे देश का राष्ट्रगान 'जनगणमण' देश की आन बान शान है. यह संस्कृत, बंगाली में महान लेखक रविन्द्रनाथ टैगोर जी ने लिखा था. रवीन्द्रनाथ टैगोर जी जीवनी के बारे में यहाँ पढ़ें. इसे सबसे पहले कलकत्ता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की मीटिंग में 27 दिसम्बर 1911 को गाया गया था. इसे अधिकारिक रूप से राष्ट्रगान के रूप में मान्यता 24 जनवरी 1950 को मिली थी. उस समय बंगाली गाना 'वंदेमातरम्' को गैर हिन्दुओं के विरोध का सामना करना पड़ रहा था, जिसके बाद जनगणमण को राष्ट्रगान घोषित किया गया. राष्ट्रगान को गाते समय कुछ नियमों का पालन करना चाहिए, वे इस प्रकार है-

1. राष्ट्रगान का जब भी गाया या बजाया जाये, श्रोताओं का खड़ा होना अनिवार्य है.
2. राष्ट्रगान को गाने या बजाने से पहले सुचना देना अनिवार्य है.
3. झंडा बंधन के बाद राष्ट्रगान गाना अनिवार्य है.
4. किसी भी कार्यक्रम में राष्ट्रपति के आने एवं जाने पर राष्ट्रगान गया जाता है.
5. परेड की सलामी, सेना के कार्यक्रम के द्वारा राष्ट्रगान गाया जाता है.
6. विद्यालय, सरकारी कार्यालयों में दिन की शुरुवात राष्ट्रगान के द्वारा की जा सकती है.
7. राष्ट्रगान की महिमा, गौरव, आदर का जिम्मा हर एक नागरिक का होता है

राष्ट्रीय गीत (National Song of India) -

देश का राष्ट्रीय गीत संस्कृत में बंकिमचन्द्र चटोपाध्य द्वारा लिखा गया था. स्वतंत्रता प्राप्ति की लड़ाई के समय, ये गाना सभी स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरणा देता था, उह उनमें नयी उर्जा भर देता था. भारत के स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में यहाँ पढ़ें. शुरुवात में वंदेमातरम् राष्ट्रीय गान हुआ करता था, लेकिन स्वतंत्रता के पश्चात् जनगणमण को

राष्ट्रीय गान घोषित किया गया. लेकिन इसके बाबजूद वंदेमातरम् को जनगणमण जितना सम्मान प्राप्त है. सबसे पहले ये गीत 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सेशन में रविन्द्रनाथ टैगोर द्वारा बजाया गया था. 2003 में हुए एक पोल के दौरान इसे दुनिया के 10 मोस्ट पसंदीदा गानों के रूप में स्थान प्राप्त है. 24 जनवरी 1950 को इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा मिला था. संविधान लागु के समय राजेन्द्र प्रसाद जी ने कहा था कि 'वंदेमातरम् गाना एक एतिहासिक गाना है, जिसने स्वतंत्रता की लड़ाई में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसे जनगणमण जितना अधिकार मिलना ही चाहिए.' डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जीवन के बारे में यहाँ पढ़ें.

राष्ट्रीय कैलेंडर (National Calendar of India) -

साका कैलेंडर को राष्ट्रीय कैलेंडर का दर्जा प्राप्त है. इसे कैलेंडर कमिटी द्वारा 1957 में बनाया गया था, जिसे भारतीय पंचाग की मदद से तैयार किया गया है. इसमें हिन्दू धार्मिक कैलेंडर के अलावा खगोल डाटा, समय भी लिखित है.

राष्ट्रीय फूल (National Flower of India) -

भारत देश का राष्ट्रीयफूल कमल (Lotus) है. इसका प्राचीन भारत के इतिहास में भी विशेष स्थान है. कमल का फूल एक बहुत गहरा सन्देश देता है, जिस तरह यह कीचड़ में खिल कर पानी में तैरता रहता है, और कभी नहीं सूखता है, वैसे ही इन्सान को लगातार काम करते रहना चाइये, लेकिन उसके परिणाम की चिंता नहीं करनी चाहिए. यह हिन्दू मान्यता के अनुसार धन की देवी लक्ष्मी का सिंहासन है, जो धन, समृधि का प्रतीक है.

राष्ट्रीय फल (National Fruit of India) -

फलों के राजा कहे जाने वाले आम को भारत देश का राष्ट्रीय फल कहा जाता है. भारत में इसकी 100 से भी ज्यादा वैरायटी मिलती है.

राष्ट्रीय नदी (National River of India) -

भारत की प्रसिध्य पवित्र नदी गंगा को राष्ट्रीय नदी के नाम से सम्मानित किया गया है. इस विशाल नदी गंगा से हिन्दुओं की बहुत सी मान्यता जुड़ी हुई है, वे लोग उन्हें माता के समान पूजते है. इस पवित्र नदी में नहाने से सर पाप धुल जाते है.

राष्ट्रीय वृक्ष (National Tree of India) -

भारत का राष्ट्रीय वृक्ष बरगद है. यह पेड़ बहुत विशाल रूप में बड़ा होता है. यह पेड़ की बहुत लम्बी उम्र होती है, इसलिए इसे अमर पेड़ माना जाता है. भारत में हिन्दू इस पेड़ की पूजा भी करते है.

राष्ट्रीय जानवर (National Animal of India) -

जंगल का राजा शेर को भारत का भी राष्ट्रीय जानवर कहा जाता है. यह भारत की समृधि, ताकत, फुती एवं अपर शक्ति को दिखाता है. इसे राष्ट्रीय जानवर के तौर पर अप्रैल 1973 में घोषणा की गई थी. उस समय इसका उद्देश्य प्रोजेक्ट टाइगर से जुड़ा हुआ था, जिसके अंतर्गत शेरो को बचाने का सन्देश सबको दिया जाता है.

राष्ट्रीय पक्षी (National Bird of India) -

भारत का राष्ट्रीय पक्षी मोर है. मोर उज्ज्वल रंग की एकता का प्रतिनिधित्व करता है, साथ ही भारतीय संस्कृति को दर्शाता है. इसे 1963 में राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया था. यह सुंदर मोर देश की विभिन्नता को भी दर्शाता है. यह बाकि देशों की तुलना में भारत देश में बहुत अधिक पाया जाता है.

राष्ट्रीय खेल (National Game of India) -

क्रिकेट की अत्याधिक लोकप्रियता के बावजूद होकी भारत देश का राष्ट्रीय खेल है. 1928-1956 के बीच भारत को ओलिंपिक में 6 बार लगातार गोल्ड पदक मिला था. उस समय भारत ने ओलिंपिक में 24 मैच खेले थे, और सब में विजय प्राप्त की थी. इस समय भारत में होकी के खेल को बहुत पसंद किया जाता था, जिस वजह से इसे राष्ट्रीय खेल घोषित किया गया था.

नाम – प्रिया सिंह
कक्षा –12

संस्कृत विभाग:

संस्कृत सूक्तय:

तमसो मा ज्योतिर्गमय।

अर्थ– अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाये।

परोपकाराय सतां विभूतय:।

अर्थ– सज्जनों की विभूति हमेशा परोपकार के लिए होती है।

विद्या विहीन पशु।

अर्थ– विद्याविहीन (विद्या को ग्रहण ना करने वाला) मनुष्य पशु के समान होता है।

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महानरिपु:।

अर्थ– आलस्य मनुष्य के शरीर में स्थित घोर शत्रु है।

अहिंसा परमो धर्म:।

अर्थ– अहिंसा ही सबसे बड़ा (परम) धर्म होता है।

सहसा विदधीत न क्रियाम्।

अर्थ– कार्य को बिना विचारे नहीं करना चाहिए।

नास्ति विद्या समं चक्षु।

अर्थ– संसार में विद्या के समान कोई दूसरा नेत्र नहीं है।

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमंते तत्र देवता:।

अर्थ– जिस कुल में स्त्रियों का सम्मान किया जाता है, उस घर से देवगण प्रसन्न होते हैं।

शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्।

अर्थ– शरीर धर्म का मुख्य साधन है।

गुणेर्विहीना बहुजल्पयन्ति।

अर्थ- गुणहीन व्यक्ति बहुत बकवास करते हैं।

हृदया जोशी

कक्षा – नवमी

गुरु एव देव:

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः ।।
अर्थात् - गुरु ब्रह्मा है, गुरु विष्णु है, गुरु ही शंकर है। गुरु ही साक्षात् परब्रह्म है। उन सद्गुरु को प्रणाम है।

अखण्ड मंडलाकारं व्याप्तं येन चराचरं।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्री गुरुवे नमः।।
अर्थात् - जो अखण्ड है, सकल ब्रह्माण्ड में समाया है, चर-अचर में तरंगित है। उस (प्रभु) के तत्व रूप को जो मेरे
भीतर प्रकट कर मुझे साक्षात दर्शन करा दे, उन गुरु को मेरा शत् शत् नमन है। अर्थात् वही पूर्ण गुरु है ।

अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः।।
अर्थात् - अज्ञानरूपी अन्धकार से अन्धे हुए जीव की आँखें जिसने ज्ञानरूपी काजल की श्लाका से खोली हैं, ऐसे श्री सदगुरू को नमन है, प्रणाम है।

धर्मज्ञो धर्मकर्ता च सदा धर्मपरायणः।
तत्त्वेभ्यः सर्वशास्त्रार्थदेशको गुरुरुच्यते॥
अर्थात् - धर्म को जाननेवाले, धर्म मुताबिक आचरण करनेवाले, धर्मपरायण, और सब शास्त्रों में से तत्त्वों का आदेश करनेवाले गुरु कहे जाते हैं ।

1. **नमोस्तु गुरुवे तस्मै, इष्टदेव स्वरूपिणे।**
यस्य वाग्मृतम् हन्ति, विषं संसार संज्ञकम्।।
अर्थात् - उन गुरूदेव रूपी इष्टदेव को वन्दन है, जिसकी अमृत वाणी अज्ञानता रूपी विष को नष्ट कर देती है।

2. **किमत्र बहुनोक्तेन शास्त्रकोटि शतेन च।**
दुर्लभा चित्त विश्रान्तिः विना गुरुकृपां परम्॥
अर्थात् - बहुत कहने से क्या ? करोडों शास्त्रों से भी क्या ? चित्त की परम् शांति, गुरु के बिना मिलना दुर्लभ है ।

3. **गुकारस्त्वन्धकारस्तु रुकार स्तेज उच्यते।**
अन्धकार निरोधत्वात् गुरुरित्यभिधीयते॥
अर्थात् - 'गु'कार याने अंधकार, और 'रु'कार याने तेज। जो अंधकार का (ज्ञान का प्रकाश देकर) निरोध करता है, वही गुरु कहा जाता है।

राजनंदिनी

कक्षा – अष्टमी – अ

विद्यार्थीजीवनविषयक-श्लोका:

1. विद्यां ददाति विनयं विनयाद् याति पात्रताम्।
पात्रत्वात् धनमाप्नोति धनात् धर्मं ततः सुखम्।।

भावार्थ: विद्या से विनय अर्थात विवेक व नम्रता मिलती है, विनय से मनुष्य को पात्रता मिलती है यानी पद की योग्यता मिलती है। वहीं, पात्रता व्यक्ति को धन देती है। धन फिर धर्म की ओर व्यक्ति को बढ़ाता और धर्म से सुख मिलता है। इस मतलब यह हुआ कि जीवन में कुछ भी हासिल करने के लिए विद्या ही मूल आधार है।

2. अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलं।।

भावार्थ: बड़े-बुजुर्गों का अभिवादन अर्थात नमस्कार करने वाले और बुजुर्गों की सेवा करने वालों की 4 चीजें हमेशा बढ़ती हैं। ये 4 चीजें हैं: आयु, विद्या, यश और बल। इसी वजह से हमेशा वृद्ध और स्वयं से बड़े लोगों की सेवा व सम्मान करना चाहिए।

3. उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः।।

भावार्थ: महज इच्छा रखने भर से कोई कार्य पूरा नहीं होता, बल्कि उसके लिए उद्यम अर्थात मेहनत करना जरूरी होता है। ठीक उसी तरह जैसे शेर के मुंह में सोते हुए हिरण खुद-ब-खुद नहीं आ जाता, बल्कि उसे शिकार करने के लिए परिश्रम करना होता है।

4. यथा चित्तं तथा वाचो यथा वाचस्तथा क्रियाः।
चित्ते वाचि क्रियायांच साधुनामेक्रूपता।।

भावार्थ: साधु यानी अच्छे व्यक्ति के मन में जो होता है, वो वही बात करता है। वचन में जो होता है यानी जैसा बोलता है, वैसा ही करता है। इनके मन, वचन और कर्म में हमेशा ही एकरूपता व समानता होती है। इसी को अच्छे व्यक्ति की पहचान माना जाता है।

5. न चोरहार्य न राजहार्य ,न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धत एव नित्यं, विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्।।

भावार्थ:एक ऐसा धन जिसे न चोर चुराकर ले जा सकता है, न ही राजा छीन सकता है, जिसका न भाइयों में बंटवार हो सकता है, जिसे न संभालना मुश्किल व भारी होता है और जो अधिक खर्च करने पर बढ़ता है, वो विद्या है। यह सभी धनों में से सर्वश्रेष्ठ धन है।

6. षड् दोषाः पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छता।
निद्रा तद्रा भयं क्रोधः आलस्यं दीर्घसूत्रता।।

भावार्थ: 6 अवगुण मनुष्य के लिए पतन की वजह बनते हैं। ये अवगुण हैं, नींद, तन्द्रा (थकान), भय, गुस्सा, आलस्य और कार्य को टालने की आदत।

7. काक चेष्टा, बको ध्यानं, स्वान निद्रा तथैव च।
अल्पहारी, गृहत्यागी, विद्यार्थी पंच लक्षणं।।

भावार्थ: एक विद्यार्थी के पांच लक्षण होते हैं। कौवे की तरह हमेशा कुछ नया जानने की प्रबल इच्छा। बगुले की तरह ध्यान व एक्राग्रता। कुत्ते की जैसी नींद, जो एक आहट में भी खुल जाए। अल्पाहारी मतलब आवश्यकतानुसार खाने वाला और गृह-त्यागी।

रिया कुमारी
कक्षा - अष्टमी स

नीति श्लोका:

1. देवो रुष्टे गुरुस्त्राता गुरो रुष्टे न कश्चन:।
गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता न संशयः।।

भावार्थ: देवताओं के रूठ जाने पर गुरु रक्षा करते हैं, किंतु गुरु रूठ जाए, तो उस व्यक्ति के पास कोई नहीं होता। गुरु ही रक्षा करते हैं, गुरु ही रक्षा करते हैं, गुरु ही रक्षा करते हैं, इसमें कोई संदेह नहीं। इसका मतलब यह है कि अगर पूरा विश्व व भाग्य भी किसी से विमुख हो जाए, तो गुरु की कृपा से सब ठीक हो सकता है। गुरु सभी मुश्किलों को दूर कर सकते हैं, लेकिन अगर गुरु ही नाराज हो जाए, तो कोई अन्य व्यक्ति मदद नहीं कर सकता।

2. अनादरो विलम्बश्च वैमुख्यम निष्ठुर वचनम।
पश्चतपश्च पञ्चापि दानस्य दूषणानि च।।

भावार्थ: अपमान व अनादर के भाव से दान देना, देर से दान देना, मुंह फेरकर दान देना, कठोर व कटु वचन बोलकर दान देना और दान देने के बाद पछतावा करना। ये सभी पांच बातें दान को पूरी तरह दूषित कर देती हैं।

3. अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।

